# श्याम तूने दिया सहारा है | By Naveen Acharya

जब भी मैंने तुझे पुकारा है
श्याम तूने दिया सहारा है
जब भी मैंने तुझे पुकारा है .........

डूब जाता मैं जो ना तू होता
मेरी कश्ती का तू किनारा है
श्याम तूने दिया सहारा है
जब भी मैंने तुझे पुकारा है .........

दौलतें शोहरतें जो हैं पाई
सब ये मुझपे करम तुम्हारा है
श्याम तूने दिया सहारा है
जब भी मैंने तुझे पुकारा है .........

साथ जिसके हो तू उसे क्या ग़म
कहता मेरे मोहन जग ये सारा है
श्याम तूने दिया सहारा है
जब भी मैंने तुझे पुकारा है .........

अब तो हर पल तेरी लगन है लगी
होंठों पे नाम बस तुम्हारा है
श्याम तूने दिया सहारा है
जब भी मैंने तुझे पुकारा है .........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%82%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-naveen-ach/